नाम हरि का हृदय से ना भूलो,
ये भुलाने के काबिल नहीं है,
बड़ी मुश्किल से नर तन मिला है,
ये गंवाने के काबिल नही है।।

तर्ज ज़िन्दगी एक किराये का घर।

चोला अनमोल तेरा सिला है,
जिसमे जीवन का फूल खिला है,
स्वांस गिन गिन के तुझको मिला है,
ये गंवाने के काबिल नही है,
नाम हरी का हृदय से ना भूलो,
ये भुलाने के काबिल नहीं है,
बड़ी मुश्किल से नर तन मिला है,
ये गंवाने के काबिल नही है।।

इतने अनमोल जीवन को पाकर,
खोज अपनी ना की मन लगाकर,
वो तो भगवान के पास जाकर,
मुँह दिखाने के काबिल नही है,
नाम हरी का हृदय से ना भूलो,
ये भुलाने के काबिल नहीं है,
बड़ी मुश्किल से नर तन मिला है,
ये गंवाने के काबिल नही है।।

तूने नर तन भी पाके क्या कीता,
ना पढ़ी ना सुनी भगवत गीता,
साधु संयासी बन मन ना जीता,
वो संत कहाने के लायक नहीं है,
नाम हरी का हृदय से ना भूलो,
ये भुलाने के काबिल नहीं है,
बड़ी मुश्किल से नर तन मिला है,
ये गंवाने के काबिल नहीं है।।

नाम हरि का हृदय से ना भूलो,
ये भुलाने के काबिल नहीं है,
बड़ी मुश्किल से नर तन मिला है,
ये गंवाने के काबिल नहीं है।।

गायक / प्रेषक मुकेश कुमार मीना।
(सुर संगम यूटयूब चैनल)
संपर्क 9660159589

Source: https://www.bharattemples.com/naam-hari-ka-hriday-se-na-bhulo/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App

